आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पर्यटन विभाग आज से तीन दिवसीय आईलैंड फूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण नारी शक्ति का अधिकार है।
3. सड़क मरम्मत कार्य के चलते टेलराबाद स्कूल जंक्शन से सड़क का एक हिस्सा आज से सभी वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा।
4. शिक्षा विभाग की ओर से आठवीं राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिवसीय आईलैंड फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव आज से 19 अप्रैल तक प्रदर्शनी मैदान में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इस महोत्सव का उद्देश्य द्वीप समूह की समृद्ध पाक विरासत और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करना है, साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और छोटे व्यवसायों का समर्थन करना है। महोत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉलों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। श्री मोदी ने कल लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान ये बात कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी को भी अहंकारपूर्ण भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वे भारत की महिलाओं को कुछ दे रहे हैं, बल्कि यह उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि समूची राजनीतिक व्यवस्था दशकों से इस अधिकार को महिलाओं से छीनने की सामूहिक रूप से दोषी है और इसलिए यह विधेयक एक आवश्यक उपाय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के संसदीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल संख्या की बात नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता है।

<><><><><><><>

अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर कल अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा (मुख्यालय) के साथ–साथ द्वीप समूह के विभिन्न अग्निशमन केंद्रों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के कुल 54 छात्रों ने भाग लिया। मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक उमाशंकर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने छात्रों की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए अग्नि सुरक्षा जागरूकता पर प्रकाश डाला। अग्निशमन सेवा सप्ताह 20 अप्रैल तक चलेगा।

<><><><><><>

उधर, अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, मायाबंदर की ओर से महात्मा गांधी कॉलेज में अग्नि जागरूकता और प्राथमिक चिकित्सा सत्र का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के बीच बुनियादी अग्निशमन तकनीकों और आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों की जानकारी देना था।

<><><><><><>

पुराने ट्रांसफार्मर स्ट्रक्चर के नवीनीकरण कार्य किए जाने के चलते आज प्रातरापुर फीडर से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह कटौती सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी। इस कार्य के चलते औद्योगिक क्षेत्र और भातुबस्ती बाजार क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

<><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क मरम्मत कार्य के चलते टेलराबाद स्कूल जंक्शन से जियो ऑफिस उप केंद्र तक सड़क का एक हिस्सा आज से 23 तारीख तक सभी वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान वाहनों को प्राथमिक विद्यालय, टेलराबाद से एनटीएस जंक्शन के रास्ते, आरएसएन जंक्शन, गाराचरमा जंक्शन और ओल्ड बिम्बलीटान की ओर से गुजरना होगा।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से आठवीं राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी स्टेडियम में कल खेले गए मैच में सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की श्रेणी में रंगत, डिगलीपुर, कार निकोबार और विम्बर्लीगंज की टीमें विजयी रही, वहीं लड़कियों की श्रेणी में मायाबंदर, कार निकोबार, डिगलीपुर और श्री विजय पुरम की टीम ने बाजी मारी। इस टूर्नामेंट का

औपचारिक उद्घाटन आज शाम 3 बजे नेताजी स्टेडियम में होगा, जिसमें आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव मुख्य अतिथि होंगी।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम आज शाम साढ़े पांच बजे लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'हेलो डॉक्टर' प्रसारण करेगा, जिसमें पेट का कैंसरः लक्षण, निदान और उपचार' विषय पर जीबी पंत अस्पताल के मिनिमल एक्सेस सर्जन डॉ. साजी वर्गीस दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक 244745 और 245662 पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में कल और 19 अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे स्काई शो, थ्री–डी शो और शाम छः बजकर पन्द्रह मिनट पर जुरासिक पार्क ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम होगा। इस दौरान आगंतुक स्काई मैप के जरिए ग्रहों और अन्य खगोलीय पिंडों, बृहस्पति ग्रह और गैलिलियन मून्स को देखने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के लिए 10 और 20 रूपये प्रतिव्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के तहत आयुष इकाई द्वारा अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी के सहयोग से हाल ही में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. एच. एम. सिद्धराजू मुख्य अतिथि, जबकि सीआरसी की निदेशक सुमितामोल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में होम्योपैथी की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए इसे चिकित्सा की एक सुरक्षित, प्रभावी और समग्र प्रणाली बताया। इस दौरान आयुष के उप निदेशक डॉ. कल्याण पी. कदभाने ने द्वीपों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत हटबे पुलिस थाना की टीम ने 254.7 ग्राम क्रिस्टलीय मेथमफेटामाइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। हटबे थाना प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि पगला मुंडी वन क्षेत्र के पास जंगल की गश्त के दौरान समुद्र तट के पास एक संदिग्ध पैकेट पड़ा हुआ देखा गया था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, निरीक्षक प्रीतम बिहारी के नेतृत्व में एक छापेमारी

दल का गठन किया गया। टीम ने डगोंग क्रीक पहुंचकर क्षेत्र की तलाशी ली, जहाँ सूखे पत्तों से ढका हुआ एक पारदर्शी संदिग्ध पैकेट मिला। सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया है और इस संबंध में मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी गई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समाचार को प्रमुखता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को प्रकाशित करते हुए लिखता है– संसदीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल संख्या का मामला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को मामला है। द्वीप समाचार ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 48 विद्यालयों द्वारा शत–प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने के समाचार को प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने मायाबंदर में पंचायती राज संस्थान के सदस्यों की मांगों पर मुख्य सचिव के आश्वासन के समाचार को अपने अखबार के प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इंफो इंडिया ने NSCBIHL के स्थाई परिसर की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण के समाचार को अपनी हेडलाइन बनाई है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने हरिनगर पंचायत के एनएच–4 पर धूल प्रदूषण को लेकर तत्काल निवारण उपायों की मांग करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>